आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 रविवार दिनांक 01.10.2023

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती से पहले आज महा स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया–''एक तारीख एक घंटा एक साथ'' थीम पर देशभर में लगभग सात लाख स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

2– छत्तीसगढ़ में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आज सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान चलाया गया–राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रायपुर स्थित रिम्स में स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया।

3– प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कल राज्य के सभी नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में एकदिवसीय भरोसा यात्रा निकालेगी।

और

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जशपुर और रायगढ़ जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की चेतावनी दी है।

.........

स्वच्छता पखवाड़ा–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।

स्वच्छता के लिए "एक तारीख एक घंटा एक साथ" के प्रधानमंत्री के आह्वान पर आज देशभर में लोगों ने भागीदारी की। श्री मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह दस बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाजार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों और अन्य नेताओं ने भी इसमें भागीदारी की।

इस अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सात लाख स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगभग एक लाख आवासीय इलाकों में आवासीय कल्याण समितियों ने श्रमदान में भागीदारी की। इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, केंद्रीय जांच ब्यूरो और अन्य विभागों के कर्मियों ने भी आम लोगों के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा–छत्तीसगढ़–01

वहीं, छत्तीसगढ़ में भी महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पहले आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया गया। राज्यपाल

विश्वभूषण हरिचंदन ने रायपुर स्थित रिम्स में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अभियान में रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के विद्यार्थी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से न केवल पूरे पखवाड़े में बल्कि हमेशा अपने आस–पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

एक तारीख, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान के तहत सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय और पत्र सूचना कार्यालय–रायपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से न्यू दूरदर्शन कॉलोनी परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र संगठन ने भी श्रमदान कर अरपा रिवर व्यू और आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की।

वहीं, पर्यटन मंत्रालय के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आज रायपुर जिले के चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर परिसर और स्कूल में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करने की शपथ ली। इसके साथ ही रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इसी तरह, कबीरधाम जिले में स्थित तक्षक ईको फॉर्म में भी कर्मचारियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर सफाई की।

<u>स्वच्छता पखवाड़ा–छत्तीसगढ़–02</u>

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राजधानी रायपुर के सभी सत्तर वार्डों में श्रमदान कर साफ–सफाई की गई। इस अभियान में महापौर, नगर निगम आयुक्त, पार्षदों के अलावा ग्रीन आर्मी, स्वयंसेवकों और स्वच्छता दीदियों ने भाग लिया। वहीं, बेमेतरा के नवोदय विद्यालय और ग्राम पंचायत कुसमी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ–सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और ग्रामीण शामिल हुए। इसी तरह, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सतीश एस. खंडारे की अगुवाई में भिलाई के रूआबांधा बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

उधर, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में आज स्वच्छता अभियान के तहत तालुका विधिक सेवा समिति के सदस्यों, न्यायाधीश, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों की मौजूदगी में न्यायालय परिसर की साफ–सफाई की गई। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसी तरह, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एक सौ सात स्थानों पर आज स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पचास हजार से अधिक रेलकर्मियों और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बिलासपुर रेलमंडल के अपर महाप्रबंधक के नेतृत्व में बिलासपुर के इलेक्ट्रिक लोको शेड, कंट्रोल ऑफिस के अलावा दुर्ग कोचिंग डिपो, सहित अन्य यूनिट स्टेशनों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई। वहीं, रायपुर रेलमंडल में चलाए गए स्वच्छता अभियान में रेलमंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने स्टेशन परिसर को साफ और स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

कांग्रेस–प्रेसवार्ता

______प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण के विरोध में तीन अक्टूबर को बस्तर बंद का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि नगरनार इस्पात संयंत्र बस्तर के लोगों की भावनाओं और उनके आर्थिक हितों से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसके निजीकरण का विरोध करती है। प्रदेश कांग्रेस ने नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचने की प्रक्रिया रोकने, एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से बस्तर लाने और बस्तर में एम्स खोले जाने की मांग की है।

## कांग्रेस–भरोसा यात्रा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कल दो अक्टूबर को एकदिवसीय भरोसा यात्रा निकालेगी। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता राज्य के सभी नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेंगे और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को देंगे। यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभा और जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव में इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे। वहीं, उप–मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा और रायगढ़ में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर और कांकेर, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग और बिलासपुर में, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत कोरबा और जांजगीर तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया रायपुर और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर

उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर, चश्मा सहित अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए। कार्यक्रम में रायपुर के दिव्यांग महाविद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान बुजुर्गों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए।

राज्यपाल—कैथ लैब उद्घाटन

______राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज रायपुर इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में कैथ लैब का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने चिकित्सा के विद्यार्थियों को शिक्षा पूरी करने के बाद समाज और देश की सेवा करने का आव्हान किया। इस अवसर पर राज्यपाल को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

मुख्य न्यायाधीश—न्यायालय निरीक्षण

______छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल दुर्ग—राजनांदगांव के जिला और सत्र न्यायालय के साथ ही भिलाई के नये न्यायालय भवन का निरीक्षण किया। दुर्ग न्यायालय भवन को न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने नये भवन के लिए दुर्ग कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को करीब बारह एकड़ की भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश, दुर्ग केन्द्रीय जेल भी पहुंचे और बैरकों तथा जेल के अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह, वीडियो कान्फेसिंग रूम, लीगल एंड क्लीनिक आदि का भी निरीक्षण कर वहां की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की।

राष्ट्रीय पोषण माह

_____महिला और बाल विकास विभाग द्वारा चलाए गए छठे राष्ट्रीय पोषण माह का रायपुर के गुढ़ियारी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में समापन हुआ। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई। एक से तीस सितंबर तक आयोजित इस पोषण माह की थीम ''पोषण भी पढ़ाई भी'' पर आधारित थी।

ट्रेन परिचालन

_____दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत राउरकेला स्टेशन में आधुनिकीकरण कार्य की वजह से आगामी पंद्रह अक्टूबर तक पांच ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है। इनमें पटना और सिकंदराबाद के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन, हैदराबाद–पटना स्पेशल, रक्सौल–हैदराबाद स्पेशल और हैदराबाद–दरभंगा स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

मौसम

_____और अब पेश है मौसम का हाल–

_____मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जशपुर और रायगढ़ जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। वहीं, बलरामपुर, जांजगीर–चांपा, कोरबा और सरगुजा जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने तीन अक्टूबर की सुबह तक कोरबा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा जिले में अति भारी बारिश और बलौदाबाजार तथा बिलासपुर जिले में भी एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में तृतीय श्रेणी के प्रशिक्षण अधिकारियों और छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती के लिए अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन का कार्य चार से छह अक्टूबर तक रायपुर के सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में किया जाएगा।

– चुनावों में शत–प्रतिशत और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान के लिए भिलाई में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़–नाटक के माध्यम से स्वयंसिद्धा समूह की महिलाओं ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

– गरियाबंद पुलिस ने एक वाहन से साठ किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब छह लाख रूपये बताई गई है।

और

– भिलाई में आयोजित तेईसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग ने ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। समापन समारोह में विधायक अरूण वोरा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>